करौली-हिंडौन भास्कर गंगापुर सिटी, शुक्रवार 26 जून, 2020 | 12

परीक्षा परिणाम का इंतजार किए बिना 30 जून तक प्रवेश शुल्क जमा कराएं

करौली | राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य ने नवीन शैक्षणिक सत्र 2020-21 में प्रवेश के लिए स्नातक द्वितीय, तृतीय में प्रवेश के लिए छात्राओं से परिणाम की प्रतीक्षा किए बिना 30 जून तक ईमित्र पर प्रवेश शुल्क जमा कराए जाने के निर्देश दिए हैं। नोडल ऑफिसर मुनेश मीणा ने बताया कि नवीन कक्षा में प्रवेश के लिए छात्राएं अपने दिए गए मोबाइल नम्बर पर मैसेज प्राप्त होते ही एप्लीकेशन आईडी से ई-मित्र पर 30 जून तक प्रवेश शुल्क जमा कराएं। प्रवेश शुल्क जमा कराने के बाद विद्यार्थी को प्रवेश शुल्क की रसद संभाल कर रखें।